दिनांक 10.12.2024 "स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई"

शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में आज भगवा चौंक एवं कुरूद उद्यान में श्रमदान किया गया

भिलाईनगर। राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में भगवा चौक में लोगों को जोड़कर श्रमदान किया गया, साथ–साथ सफाई अभियान भी चलाया गया। एक दूसरे को प्रेरित करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। चौक में सफाई के बाद जोन कमिश्नर येशा लहरें, उद्यान प्रभारी अध्यक्ष नेहा साहू कुरुद उद्यान में जाकर उद्यान की साफ–सफाई कि वहां टहलने वाले योग, व्यायाम, प्राणायाम करने वाले लोगों को जोड़कर श्रमदान किया गया। श्रमदान के बाद सब लोगों ने स्वच्छता को संकल्प दिलाया गया। वहां पर टहलने वाले, योग करने वाले लोगों ने कहा कि जब नगर निगम इतना कर रहा है, तो हम सबका भी कर्तव्य बनता है। कि मिलकर के छोटे–छोटे जगह जहां हम लोग बैठकर योग करते हैं, प्राणायाम करते हैं, उसको हम सब साफ रखें। यह केवल नगर निगम भिलाई का ही काम नहीं है, हम सब उपयोग करते है, तो साफ भी हम करेंगे। निगम हमारी सुविधाओ को ध्यान में रखकर उद्यान बनाये है, जिसमे हमारे साथ–साथ हमारे बच्चे भी खेलने आते है। जब निगम हमारे बारे में इतना सोचते है तो उनके साथ हम भी साफ–सफाई करेगें। यदि कोई गंदगी करते दिखता है तो उसको भी हम रोकेगे। सफाई अभियान के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अभियंता अरविंद शर्मा, श्वेता वर्मा, अर्पित बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत माझी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, कमलेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।